प्रतिस्मृतिः एलुमनी रीयूनियन 2021

चर्चा में क्यों?

19 अगस्त, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मुख्य आतिथ्य में **कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** द्वारा '**प्रतिस्मृतिः एलुमनी रीयूनियन 2021**' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुरुक्षेत्र पूर्व छात्र संघ (कुक्का) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 21 से अधिक देशों से पूर्व छात्र भौतिक और ऑनलाइन रूप में शामिल हुए।
- इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व छात्र पंजीकरण पोर्टल **Kukaa.ac.in,** एक बहुउद्देश्यीय खेल हॉल और पूर्व छात्रों के लिये अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों का भी उद्घाटन किया। साथ ही, उन्होंने **आज़ादी का अमृत महोत्सव** के लिये एक जिंगल भी लॉन्च किया
- उन्होंने विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत **केजी-टू-पीजी स्कीम** और नए शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिये चलाए जाने वाले जापानी भाषा के सर्टिफिकेट एंड डिप्लोमा कोर्स, बीबीए ऑनर्स तथा एमटेक डिफेंस टेक्नोलॉजी कोर्स को लॉन्च किया।
- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) में जापानी भाषा पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिये पहले छात्र के रूप में नामांकन करेंगे।
- गौरतलब है कि **कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आधारशिला भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 11 जनवरी, 1957** को रखी थी। समय के साथ, केयू ने एक बहु-विषयक संस्थान के रूप में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हरियाणा का पहला ए प्लस ग्रेड विश्वविद्यालय बनकर केयू ने प्रदेश और देश में गौरव हासिल किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pratismriti-alumni-reunion-2021